हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 30 मार्च 2024

11 एडीसी ने अनाजमंडी में सुविधाओं का जायजा लिया



12 दलित बस्तियों में बूथ स्तर पर भाजपा के झंडे लगाए जाएंगे : सत्यप्रकाश



## खबर संक्षेप

### 300 ग्राम गांजा सहित युवक किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए स्टाफ कालांवाली ने गश्त के दौरान कालांवाली क्षेत्र से एक युवक को 300 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान कालांवाली मौजूद थी। पुलिस टीम ने एक युवक को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जा से 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान हरदीप पुत्र महावीर निवासी कालांवाली के रुप में हुई है।

### कोर्ट कॉम्पलैक्स से मोटरसाइकिल चोरी

**टोहाना।** वाहन चोरों ने टोहाना के कोर्ट काम्पलैक्स से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। उकलाना के नया गांव निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को डांगरा रोड स्थित कोर्ट काम्पलैक्स की पार्किंग में खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस घर लौटा तो देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### खेत से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** गांव मानकदिवान के समीप दड़बा कलां निवासी किसान के खेतों से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। गांव दड़बा कलां निवासी अजीत सिंह ने बताया कि उसका मानकदिवान के समीप खेत पड़ता है। खेत में उसने अपनी फसल के लिए सोलर झटका मशीन, सोलर बैटरी, इन्वर्टर, बैटरी व पानी की मोटर लगा रखी थी। शाम को वह घर आ गया। देर रात को चोरों ने उसके खेतों से सारा सामान चोरी कर लिया। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे घटना के बारे में पता चला।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 31 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 31 मार्च को बाल भवन फतेहाबाद में होगी। सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक अपनी समस्या लिखिल में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का मार्च मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

### दुकान से हजारों की नकदी व लैपटाप चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक दुकान में घुसकर हजारों की नगदी व लैपटॉप चोरी कर लिया। भाटिया नगर टोहाना निवासी दीपक कुमार ने कहा है कि उसकी बिजली घर के सामने स्पेयर पार्टस की दुकान है। गत दिवस रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर आया तो देखा कि उसकी दुकान में चोरी हो गई थी।

## उपभोक्ता विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर भर सकेंगे बकाया राशि

# रिकवरी के लिए छुट्टी के दो दिन खुले रहेंगे नप, बिजली और बैंक कार्यालय

- प्रोपर्टी टैक्स में छूट की अंतिम तिथि 31 मार्च है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दो दिन शनिवार और रविवार होने के बावजूद नगरपरिषद, विद्युत निगम के कार्यालय और जिले के सभी बैंक खुले रहेंगे। मुख्य कारण है नगरपरिषद में प्रोपर्टी टैक्स में छूट की अंतिम तिथि 31 मार्च है। विद्युत निगम ने 31 मार्च तक बकाया वसूली के लिए अंतिम डेट दे रखी है। इसी के चलते दोनों दिन नगरपरिषद व बिजली निगम के कार्यालय खुले रहेंगे ताकि उपभोक्ता विभाग की योजनाओं का फायदा उठाकर बकाया राशि भर सकें। इसके अलावा व्यवसायी व अन्य संस्थान मार्च के अंतिम दिनों में आयकर, जीएसटी सहित अन्य टैक्सों का बैंकों के माध्यम से भुगतान करते हैं। इसके चलते बैंक भी दोनों दिन खुले रहेंगे।

प्रदेश सरकार ने बकाया प्रोपर्टी टैक्स वसूलने के लिए एक योजना चला रखी है। इस योजना में पहले 29 फरवरी तक उपभोक्ता पुराना सारा सरचार्ज माफ कर अपना प्रोपर्टी टैक्स भर सकते थे। बाद में इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई थी। नगरपरिषद इसके तहत अब तक करीब अढ़ाई करोड़ की वसूली कर चुकी है। आज और कल छुट्टी होने के बावजूद नगरपरिषद के कार्यालय खुले रहेंगे। नगरपरिषद कर्मचारियों के अनुसार इन दो दिनों में नगरपरिषद द्वारा करीब 50 लाख रुपये की रिकवरी का टारगेट रखा गया है। नगरपरिषद का सरकारी विभागों की तरफ करीब 6 करोड़ रुपये बकाया है जबकि शहरवासियों की तरफ नगरपरिषद के करीब 20 करोड़ रुपये बकाया है। प्रदेश सरकार ने सभी प्रकार के उपभोक्ताओं को टैक्स के ब्याज पर 100 फीसदी छूट योजना शुरू कर रखी है। यह योजना 31 मार्च को खत्म हो जाएगी। माना जा रहा है कि आचार सहिंता के चलते इस योजना की तारीख आगे नहीं बढ़ेगी।

### आज और कल खुले रहेंगे सभी बैंक

फतेहाबाद में सभी बैंक 30 व 31 मार्च को खुले रहेंगे। बैंक अधिकारियों के अनुसार व्यापारिक प्रतिष्ठान, संस्थान व वित्तीय संस्थाएं आमतौर पर 31 मार्च को क्लोजिंग के दिन ही टैक्स आदि का भुगतान करती है। व्यापारिक संस्थाएं वित्तीय वर्ष का अपना लेखा-जोखा ज्वाइंट करके अंतिम तिथि में आयकर, जीएसटी, सेल टैक्स व अन्य प्रकार के टैक्स के अदायगी बैंकों के माध्यम से करते हैं। इस कारण जिले के सभी सरकारी, निजी व वित्तीय संस्थाओं के कार्यालय शनिवार व रविवार को पूरा दिन खुले रहेंगे। आरबीआई के निर्देशों के अनुसार कोई भी उपभोक्ता बैंक में जाकर अपना लेन-देन कर सकता है।

### बिजली बिल न भरने वालों के मीटर उखाड़ेगा निगम

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने 4 हजार रुपये से ज्यादा राशि के बिलों वाले उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़ने के लिए 6 टीमें गठित की है। प्रत्येक टीम का नेतृत्व जेई करेंगे। इन 6 टीमों के साथ 50 लाइनमैन रहेंगे। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के फतेहाबाद शहर में 28 हजार से ज्यादा बिजली कनैक्शन है। इनमें घरेलू व व्यवसायिक कनैक्शन शामिल हैं। इनमें 25 प्रतिशत डिफाल्टर उपभोक्ता है लेकिन 750 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके बिजली बिल की बकाया राशि 4 हजार से अधिक है। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं ने 4 महीनों से ज्यादा बिजली का बिल नहीं भरा, उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। डिफाल्टर उपभोक्ताओं की तरफ करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि बकाया है।

### बकाया वसूली के लिए कई टीमें गठित



नगरपरिषद ने बकाया वसूली के लिए कई टीमें गठित कर रखी हैं। शनिवार व रविवार को क्लोजिंग होने के बावजूदा प्रोपर्टी टैक्स के लिए कार्यालय खुला रहेगा। शहरवासियों दो दिन तक इस माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने अपने स्तर पर सरकारी कार्यालयों के उच्चाधिकारियों को कहकर प्रोपर्टी टैक्स भरने की अपील की है लेकिन कई विभाग इसमें रूचि नहीं ले रहे।

-**राजेन्द्र सोनी**, ईओ नगरपरिषद फतेहाबाद।

### डिफाल्टर उपभोक्ताओं को दिए नोटिस



31 मार्च तक सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल की वसूली की जाएगी। जो उपभोक्त 31 मार्च तक बिल नहीं भरेंगे, उनके कनैक्शन उखाड़ लिए जाएंगे। निगम की ओर से डिफाल्टर उपभोक्ताओं को पहले नोटिस दिया जा चुका है। इसके साथ ही निगम के लाइनमैनों ने बिजली चोरी रोकने को लेकर भी एक अभियान चला रखा है। अगर किसी उपभोक्ता को बिजली बिल ज्यादा आने की शिकायत है तो वह शनिवार व रविवार को निगम के कार्यालय में आकर बिजली बिल सही करवाकर भर सकता है।

-**मानिक**, शहरी एसडीओ।

## गोलबॉल नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा ने बिहार को दी मात



**सिरसा।** गोलबॉल नेशनल चैंपियनशिप में सिरसा की विजेता टीम।

- सिरसा के नेत्रहीन बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सहारनपुर में हुई नेशनल गोलबॉल चैंम्पियनशिप में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार को मात दी है। हेलन केलर स्कूल के पवन कुमार ने बताया कि इस चैंम्पियनशिप में सिरसा के नेत्रहीन बच्चे हरियाणा की टीम में खेल रहे हैं। इन बच्चों में योगेंद्र मान, जसपाल, मानव, सत्यम व अंकित शामिल हैं। सहारनपुर में चल रही इस गोलबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, दिल्ली, अरुणाचल प्रदेश, पंजाब, बिहार, उत्तरप्रदेश व हिमाचल राज्यों के नेत्रहीन व दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पवन कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा का मुकाबला बिहार से हुआ जिसमें हरियाणा ने बिहार को 10 अंक से मात देकर प्रतियोगिता में आगे प्रवेश पा लिया है।

### योगेंद्र मान ने 7 गोल का योगदान दिया

पवन कुमार ने बताया कि इस मुकाबले में हेलन केलर दिव्यांग स्कूल के छात्रावास के छात्र योगेंद्र मान ने 7 गोल का योगदान देकर 10 गोल से मुकाबला जीतकर सिरसा का भी नाम रोशन किया। इसके अलावा महिला वर्ग के हुए मुकाबले में हरियाणा की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस टीम में सिरसा की कौशल्या भाग ले रही है। इस मुकाबले में हरियाणा की टीम द्वारा किए जा रहे इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल की प्रिंसिपल राजेश कुमार, विशेष अध्यापक तुषार श्रीवास्तव, अमित कुमार, नानू राम, संजय कुमार, आशु कुमार, किरण, सरोज व पवन कुमार ने दिव्यांग एवं नेत्रहीन खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## मतदाता जागरुकता अभियान में सहयोग का आह्वान

- उपायुक्त ने विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की बैठक लेते डीसी आरके सिंह।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वीप अभियान के तहत पेट्रोल पंप एसोसिएशन, सीए एसोसिएशन, कॉन्ट्रैक्ट कंस्ट्रक्शन एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, आरा एसोसिएशन, ब्रिक्स एसोसिएशन, व्यापार मंडल एसोसिएशन, आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली और मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान रीढ की हड्डी होता है। आपके संस्थानों में बैनर तथा सेल्फी प्वाइंट बनवाए जाएं तथा आने वाले लोगों को मतदान का महत्व बताएं।

जिला चुनाव तहसीलदार विभाग द्वारा आप सभी को स्वीकृत बैनर व सेल्फी प्वाइंट की सोफ्ट कॉपी भेजी जाएगी, इसमें आप बैनर के नीचे अपने संस्थान व यूनियन का नाम अंकित कर सकते हैं। इस बार चुनाव आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की सुविधाओं के मद्देनजर घर से ही वोट करने की सुविधा दी है, लेकिन एक बार मतदाता द्वारा घर से ही मतदान करने की अपील के बाद संबंधित मतदाता बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाएगा।

## चुनाव में भाजपा प्रत्याशी का बहिष्कार करेंगे किसान

- खरीफ चैनल के निर्माण की मांग पर धरनारत किसानों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** लघुसचिवालय में धरने पर बैठे किसान।

धिंगतानिया व भंभूर सलारपुर खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर पिछले 2 माह से लघु सचिवालय में धरने पर बैठे 15 गांवों के किसानों ने ऐलान किया है कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को गांवों में विरोध करेंगे और सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। 15 गांवों की किसान संघर्ष समिति के सचिव जगरूप सिंह चौबुर्जा ने बताया कि लघु सचिवालय में किसानों के धरने को 2 माह से 'यादा समय हो गया है, लेकिन भाजपा सरकार ने उनकी कोई सुध नहीं ली। सरकार किसानों की समस्या का कोई समाधान नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि उक्त गांवों के किसान 15 सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं, परंतु सरकार ने सिंचाई पानी की मांग पूरी नहीं की। जगरूप सिंह का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने धिंगतानियां व भंभूर- सलारपुर खरीफ चैनल का निमार्ण करने की घोषणा 2019 में की थी। घोषणा के बाद अब तक चैनल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। ग्रामीणों को कहना है कि वर्ष 2019 में खरीफ चैनल के निमार्ण के लिए बजट राशि जारी हो चुकी है, लेकिन आगे कुछ नहीं हुआ। किसानों कहना है कि दोनों खरीफ चैनल के निमाज़्ण से 15 गांवों के किसानों को फायदा होगा। क्योंकि 15 गांवों की जमीन सिंचाई हेतु पानी नहीं मिलने का कारण बंजर होती जा रही है। भूजल दूषित हो चुका है और 500 फीट गहराई में जा चुका है। ऐसे में ग्रामीणों को सिंचाई के लिए नहर निर्माण की काफी जरूरत है। इससे उनकी जमीन को संजीवनी मिल जाएगी।उन्होंने बताया कि जब तक सरकार धिगतानियां व भंभूर सलारपुर खरीफ चैनल का निर्माण शुरू नहीं करती, तब तक धरना जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव में किसान बीजेपी सरकार को सबक सिखाएंगे। धरने पर गांव खाजा खेड़ा, रंगड़ीखेड़ा, टीटू खेड़ा, रामनगरिया, धिगतानिया, मोडिय़ा खेड़ा, नानक पुर, नटार, रंगडी खेड़ा, ढाणी जस्सा राम, चौबुर्जा व भंभूर के किसान बैठे हैं।

## गांव बिज्जुवाली का स्कूल पीएम श्री योजना में शामिल

**डबवाली।** डबवाली उप मंडल के गांव बि'जुवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को अपग्रेड करके पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है। ऐसा होने पर सरपंच सुरेन्द्र सुथार बि'जुवाली के नेतृत्व में ग्राम पंचायत व गांव के गणमान्य ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर करते हुए समस्त स्कूल स्टाफ, समस्त ग्रामीणों को बधाई प्रेरित कर शुभकामनाएं दी। सरपंच सुरेन्द्र सुथार बि'जुवाली ने बताया कि पूरे डबवाली ब्लॉक में एक मात्र बि'जुवाली स्कूल को पीएम श्री में अपग्रेड किया गया हैं जिसके तहत अब सीबीएससी पेटर्न के तहत विद्यार्थियों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई का विकल्प मिलेगा, विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के जरिए विद्यालय का इंफ्रास्ट्रक्चर बजट केंद्र सरकार से अधिक मिलेगा इसके अलावा विद्यार्थियों को रोबो टेक, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, ड्रोन, कोडिंग, डेटा मैचिंग, डेटा एनालिसिस, डेटा माइनिंग, ब्लॉक चेन मैनेजमेंट, कृप्टो एस्ट्रोनामी और राकेट साइंस की पढ़ाई कराई जाएगी, यहां पर कार्यरत होने वाले शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर पीएम श्री स्कूल के प्रिंसिपल भागा राम, मास्टर प्रभु दयाल, उदाराम बिर्ट, मलकीत सिंह, गौशाला प्रधान कालू राम मेहता, विकास सुखीजा, ठाकर राम भगत, साजन राम बिर्ट, सुरेंद्र, रोहित मेहता, राजकुमार कसवां, रतिराम सुथार, बनवारी बिरट दिनेश धींगड़ा सहित समस्त स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित थे।



**सिरसा।** बिज्जुवाली स्कूल के पीएम श्री में अपग्रेड होने पर लड्डू बांटते ग्रामीण व स्टाफ सदस्य।

## आर्यभट्ट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**फतेहाबाद।** आर्यभट्ट उच्च विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा प्री नर्सरी से नौवीं तक के विद्यार्थी बड़े उत्साह के साथ अपना परीक्षा परिणाम लेने आए और अपने-अपने पुरस्कार पाकर बहुत खुश हुए। परीक्षा परिणाम के दौरान प्री नर्सरी से नौवीं कक्षा तक टॉप 10 विद्यार्थियों के नाम घोषित किए गए और विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल दीपिका झांब ने बताया कि स्कूल निदेशक केके अरोड़ा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। नर्सरी में शोमिल, सागरिका और समायरा, कक्षा एलकेजी में तनवी, वर्षा, वाणी, कक्षा यूकेजी में लीना, जिया, उत्कर्ष, कक्षा पहली में जीनल, डेविड, महक, कक्षा दूसरी में दर्शित, दीपिका, जिया, कक्षा तीसरी में हर्ष, रिहान, रूही, कक्षा चौथी में हिमांक, पल्लवित, रिणे, कक्षा पांचवी में कार्तिक सोनी, शिवांश, दर्श, कक्षा छठी में इराज, मानवी, दिशा, सातवीं में मनीषा, यश, परिणा, कक्षा आठवीं में दमन दीप, अंकुश, निक्षित, हिमानी जैस्मिन, कुसुम और कक्षा नौंवी में इशांत, रक्षा और रितेश अव्वल रहे। स्कूल प्रिंसिपल दीपिका झांब ने सभी छात्रों को अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया।



## गांव बरसीन में गुरु जम्भेश्वर मंदिर का भव्य उद्घाटन

# गुरु जम्भेश्वर की शिक्षाएं मानवता के कल्याण के लिए

- मंदिर परिसर में जागरण का भी आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बरसीन में श्री गुरू जम्भेश्वर मंदिर का शुक्रवार को धूमधाम से उद्घाटन किया गया। गौषि महंत स्वामी राजेन्द्रानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित उद्घाटन समारोह में अतिथि के तौर पर फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, सामाजिक संगठन स्वास्तिक के अध्यक्ष एवं फतेहाबाद विधानसभा चुनाव प्रत्याशी अनिल ज्याणी, जिला परिषद फतेहाबाद की चेयरमैन सुमन खिचड़, सुभाष खिचड़, गांव बरसीन के सरपंच विकास कम्बोज व पूर्व सरपंच रोशन लाल कम्बोज ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गुरू जम्भेश्वर मंदिर बरसीन के प्रधान छोटूराम खिचड़ ने की। स्वामी राजेन्द्रानंद द्वारा पूजा अर्चना के साथ मंदिर का उद्घाटन किया गया। अतिथियों द्वारा मंदिर में कलश स्थापना की गई। वहीं इससे पूर्व वीरवार रात को मंदिर परिसर में जागरण का भी आयोजन किया गया। गुरू जम्भेश्वर मंदिर के उद्घाटन अवसर पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि गुरू जम्भेश्वर भगवान छुआछूत, जात-पात, स्त्री-पुरूष में भेदभाव, पेड़ पौधों की कटाई, जीव हत्या एवं किसी भी प्रकार के नशे की प्रवृति जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का उपदेश दिए हैं। हमें गुरू जम्भेश्वर भगवान की शिक्षाओं का अवश्य पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरू जम्भेश्वर भगवान द्वारा बताए गए नियम किसी एक व्यक्ति, समाज, जाति या सम्प्रदाय के लिए नहीं है बल्कि ये पूरी मानवता के कल्याण के लिए है। अनिल ज्याणी ने स्वामी राजेन्द्रानंद जी महाराज से आशीर्वाद लिया। अंत में मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा अतिथियों का सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उग्रसैन भादू, हंसराज ढुकिया, सुरजीत ढुकिया लालवास, आत्माराम, विनोद कुमार, विनोद काकड़, रितिक मांझू खजूरी जाटी, पंचायत सदस्य, जिला पार्षद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** गांव बरसीन में गुरु जम्भेश्वर मंदिर के उद्घाटन अवसर पर अनिल ज्याणी को सम्मानित करते स्वामी राजेन्द्रानंद जी महाराज।

## सुखरीत ने नेशनल लेवल पर जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित हुए सब जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की महिला खिलाड़ी सुखरीत ढिल्लों ने 64 किलो भार वर्ग में दमखम दिखाते हुए गोल्ड मैडल जीता। फाइनल मुकाबले में सुखरीत ने महाराष्ट्र की बॉक्सर को 5-0 से शिकस्त दी। इस नेशनल चैम्पियनशिप में हरियाणा ओवरऑल चैम्पियन रहा। सुखरीत की इस उपलब्धि पर द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सुखरीत ढिल्लों के चाचा एवं प्रसिद्ध पंजाबी गायक मनकीरत औलख ने पहुंचकर सुखरीत को जीत की शुभकामनाएं दीं तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व फतेहाबाद विजयी यात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर कोच प्रदीप कुमार, एमएम कॉलेज के प्रधान राजीव बत्रा, अनिल कुश्ती प्रशिक्षक, रामनिवास डीएसओ सेवानिवृत, जयवीर ज्याणी, डॉ. राजीव गोदारा, जिमनास्टिक प्रशिक्षक विनीत विशेष रूप से मौजूद रहे। इस उपलब्धि पर सुखरीत ढिल्लों के पिता जितेन्द्र ढिल्लों ने भी कोच व सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।




**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों को बधाई देते पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा आज सिरसा में

**सिरसा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा 30 मार्च शनिवार को जिला सिरसा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। कुमारी शैलजा दोपहर 12.30 बजे सिरसा कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगी।

## 181 बोतल अवैध शराब सहित पांच गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने विशेष अभियान के तहत पांच व्यक्तियों को काबू कर उनके कब्जा से कुल 181 बोतल अवैध शराब बरामद की है। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर शहर क्षेत्र से रवि कुमार पुत्र आया राम निवासी चंडीगढ़िया मोहल्ला को 72 बोतल अवैध शराब के साथ काबू किया है। जबकि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने राजेश कुमार पुत्र हंसराज निवासी रानिया चुंगी को जंडीवाली गली क्षेत्र से 24 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है।

## चोरीशुदा लकड़ियों समेत दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड से लाखों रुपये की लकड़ियां चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विक्रम सिंह निवासी बीघड़ रोड फतेहाबाद व अमीर खान निवासी सूर्या नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 20 लाख कीमत की चोरीशुदा लकड़ियां बरामद की है। बता बता दें कि थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने इस बारे सूर्या इन्कलेव फतेहाबाद निवासी ललित मोहन की शिकायत 15 मार्च को लाखों की लकड़ियां चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

## तार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** निमार्णाधीन मकान से बिजली की तार चोरी के मामले में पुलिस ने आजाद नगर निवासी राजेंद्र को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने बताया कि 28 मार्च को डिफेंस कॉलोनी निवासी नीरज ने उसके निमार्णाधीन मकान से बिजली की तार चोरी के मामले में शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा बिजली की 30 फुट लंबी तार बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## 48 बोतल अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए आदमपुर पुलिस ने दो व्यक्ति को काबू कर 48 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस टीम गश्त के दौरान महलसरा निवासी विनोद को गिरफ्तार करके उससे 36 बोतल अवैध शराब बरामद की। इसी तरह पुलिस ने गांव कोहली निवासी सुरजीत उर्फ जीत को काबू करके उससे 12 बोतल अवैध शराब बरामद की।

## अवैध खनन करने वालों पर कसा शिकंजा

**हिसार।** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम व माइनिंग विभाग की टीम के साथ चेकिंग की गई। इस दौरान हिसार क्षेत्र से बजरी व क्रेशर से भरी 3 टैक्टर-ट्राली, एक डम्फर व 2 ट्राले क्रैशर से भरे हुए को बिना ई-रवाना कागजात के कारण जब्त किया गया।

### स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं व कलाकारों को सम्मानित किया

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : सरपंच रीटा कासानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

खंड के गांव गीगोरानी स्थित भविष्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल में विभिन्न कक्षाओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नाथुसरी कलां की सरपंच रीटा कासनिया ,संचालक प्रवीण कड़वासरा व मानसी कड़वासरा ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों व कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। सरपंच रीटा कासानियां ने कहा कि बच्चों को पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी चाहिए और मेहनत का फल अवश्य मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन प्रतिभा को निखारने के लिए बढ़िया मंच का होना जरूरी है। सुभाष बैनीवाल ने बताया कि स्कूल में हर वर्ष वार्षिक उत्सव मनाया जाता है इसी कड़ी में स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी व देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।



**सिरसा।** प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रस्तुति देती छात्राएं।


**फतेहाबाद।** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के वार्षिक में उपस्थित अतिथिगण।

पहली से नौवीं कक्षा के योगिता, जया, षभ, लक्ष्य, सिया, दक्ष, प्रीति, साक्षी, स्नेहा, आदिल, पल्लवी, मूवी, रूत्वी, निकिता, दीपांशु, मोहित, संध्या, प्रज्ञा, पारुल, कृषिका, अरमान, दिव्या, सचिन, निशु, अनुज, हर्षिता, भविष्य, दीक्षित, हिमांशु, कार्तिक, महक, पवन, प्रीतम, जीतू, संजू, मिष्टी और साहिल को सम्मानित किया गया।

## महाराजा अग्रसेन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

**फतेहाबाद।** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संरक्षक देवी दयाल तायल, अग्रवाल सभा प्रधान सुभाष गर्ग, उप प्रधान सुरेश बंसल, सचिव सुरेन्द्र मित्तल, कैशियर दलीप गोयल, सहसचिव नितिन मोदी, उप सचिव मुरारी लाल, पूर्व सचिव राकेश बंसल, सतप्रकश गुप्ता व नेहा मित्तल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय की प्राचार्य किरण चौधरी ने बताया की बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर अन्य कक्षाओं का रिजल्ट घोषित किए गए हैं। प्रबंधक समिति, विद्यालय प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों ने सभी अभिभावकों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया। सभी बच्चों को उनके रिजल्ट के साथ पुरस्कार के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान सुभाष गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही सभी छात्र देश व प्रदेश में अपना नाम रोशन कर सकते हैं। सचिव सुरेन्द्र मित्तल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में छोटे बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल में अनुभवी टीचर्स, वातानुकूलित कमरे, खुला प्रांगण, साफ सुथरे शौचालय, स्वच्छ पानी की सुविधाएं है।

इस दौरान योग प्रतियोगिता में जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रोहित, चमन और सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में मोहित जोगीवाला, खेलों में अंकित जोगीवाला, सचिन, रितम और जीनू को सम्मानित किया गया।


**सिरसा।** श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व शोभा यात्रा निकालते हुए।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री गौशाला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा वाचक योगेंद्र ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से ही जीव का कल्याण संभव है।

जहां कथा का गुणगान होता है, वहां प्रभुम खुद दर्शन देने के लिए आते हैं। युवा पीढ़ी को श्रीमद्भागवत कथा के साथ जोड़ना चाहिए, तभी मजबूत समाज की स्थापना होगी। कथाव्यास ने प्रथम दिन कथा में पधारे गौभक्तों को शॉल व नारियल का प्रसाद देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेंद्र रातुसरिया, प्रेम कुमार कंदोई, दीनदयाल कंदोई, राजकमल चमड़िया, अतुल हिसारिया, ओमप्रकाश मेहता, राजेंद्र गनेरीवाला, सुशील बांसल, गुरदीप सैनी, विनोद चिड़ावा वाले, सुरेश गौतम, ओमप्रकाश पूनियां, अशोक चिड़ावा वाले, भूषण गर्ग, पं. अवधेश दीक्षित, पं. राजेंद्र वाजपेयी तथा गौशाला मैनेजर पवन कुमार सिंवर सहित श्रद्धालु मौजूद थे।

## शीतला सप्तमी को लेकर जगराता कल

**रतिया।** मां शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा शीतला सप्तमी पूजन महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य जगराता 31 मार्च को बाबा बंदा सिंह बहादुर ग्राऊंड, नजदीक शीतला मंदिर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में माता विमला देवी, उब्बे वाले अपने कर कमलों से ज्योति प्रचंड करेंगी। कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में काफी उत्साह पाया जा रहा है। मां शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारी की जा रही है। शीतला सप्तमी पूजन महोत्सव को लेकर सभी संस्थाओं की डयूटियां लगाई गई हैं। बाबा बंदा सिंह बहादुर ग्राऊंड को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा जगराते से पूर्व सुबह शहर में विशाल कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इस भव्य जगराते में पूजा सावरियां, मनकी भावना, गुरपाल राजन, अशोक लाली सहित अनेक गायक कलाकार माता रानी का गुणगान करेंगे तथा दरबार की भव्यता देखने योग्य होगी। जगराते के दौरान नटराज झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। एक अप्रैल को सप्तमी पूजन होगा।

## लड़कियों की फुटबॉल टीम गुरुग्राम के लिए रवाना

**सिरसा।** ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष विनोद स्वामी ने गांव जोधकां में सीनियर लड़कियों की फुटबॉल टीम को गुरुग्राम में आयोजित होने वाली फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। 29 से 31 मार्च को गुरुग्राम में होने बाली सीनियर लड़कियों की फुटबॉल चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वह फुटबाल व अन्य खेल गतिविधियों के माध्यम से अपने आप को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि अब खेलों में युवाओं का रुझान बढ़ा रहा है जो कि युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इस अवसर पर डीएफए चीफ ट्रेनर नवजीत सिंह, दिनेश बगड़िया, गिरधारी अग्रवाल, सुखदेव कंबोज, कुलवीर पटीर, बलबीर बोयत, मनप्रीत सिंह व कवल सिंह आदि मौजूद थे।

- **जोधकां में सीनियर लड़कियों की फुटबॉल चैंपियनशिप**

# जिला मुख्यालय पर हिन्दी मीडियम सरकारी स्कूल बंद किए जाने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला मुख्यालय पर हिन्दी मीडियम सरकारी स्कूल बंद किए जाने पर सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह ने गहरा रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में 11 मार्च को मुख्यमंत्री के फतेहाबाद आगमन पर उनके समक्ष यह मुद्दा रखेंगे, ताकि हजारों गरीब-मजदूर व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य बचाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जा सके।

हरदीप सिंह ने कहा कि करीब दो वर्ष पहले भी जिला मुख्यालय के हिन्दी मीडियम स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल में स्थानांतरित करके हजारों बच्चों के भविष्य को स्कूल छोड़ने का नोटिस दिया गया था। तब भी उन्होंने ही इस मुद्दे पर अभिभावकों संग आंदोलन करके हिन्दी मीडियम स्कूल को बंद होने से बचाया था। इस दौरान स्कूल के ही एक शिक्षक नवीन शर्मा ने तो तत्कालीन शिक्षा मंत्री को बाहरवीं फेल बताते हुए सरकारी शिक्षा नीति पर ही सवाल खड़े कर दिए थे। अब जब एक बार फिर नौवी से 12वीं कक्षा तक के हिन्दी मीडियम स्कूल को बंद करके शहर से 10 किलोमीटर दूर किए जाने के निर्देश जारी हुए हैं तो इस मामले में वे चुप नहीं बैठेंगे।


हरदीप सिंह

उन्होंने स्थानीय विधायक दुड़ाराम द्वारा दी गई उस प्रतिक्रिया को भी दुर्भाग्यपुर्ण बताया, जिसमें उन्होंने इस मामले को अपने संज्ञान में न होना बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यम वर्ग व गरीब तबकों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए ही जिला मुख्यालय से हिन्दी मीडियम स्कूल बंद किए जा रहे हैं। यहां तक की मॉडल संस्कृति स्कूलों की हालत भी अति दयनीय बनी हुई है। इनमें न शिक्षक पूरे हैं, न बच्चों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने वाले संसाधन। विपक्षी नेताओं व पूर्व विधायकों की चुप्पी दर्शाती है कि उन्हें सिवाय वोटों की राजनीति करने के आम जनमानस की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। यदि सरकार ने जिला मुख्यालय से हिन्दी मीडियम स्कूल शहर से बाहर स्थानांतरित किया तो वे अभिभावकों संग आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## तख्त श्री दमदमा साहिब के लिए संगत हुई रवाना

**रतिया।** तख्त श्री दमदमा साहिब में लंगर सेवा के लिए शुक्रवार सुबह गांव अहरवां से संगत रवाना हुई। फतेहाबाद जिला की संगत 30 व 31 मार्च को ऐतिहासिक गुरूद्वारा साहिब में लंगर सेवा करेगी। इस बारे जानकारी देते हुए लंगर कमेटी के कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह अहरवां ने बताया कि 2 दिवसीय लंगर सेवा तख्त श्री दमदमा साहिब के लिए क्षेत्र की संगत आज रवाना हुई है। तख्त साहिब के नजदीक गुरूद्वारा बाबा बीर सिंह, धीर सिंह में 29 मार्च को श्री अखंड पाठ साहिब जी का प्रकाश किया जाएगा व जिसका भोग 31 मार्च को डाला जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की संगत से आग्रह किया कि संगत को बढ़ चढ़ कर इस सेवा में शामिल होने का आग्रह किया व 30-31 मार्च को संगत लंगर में सेवाएं करके लौटेगी। इस मौके पर रणजीत सिंह भानीखेड़ा, बलजीत सिंह हरपाल सिंह निक्का सिंह, काला सिंह, जिंदा सिंह सहित सेवादार मौजूद रहे।

- **संगत को बढ़-चढ़ कर इस सेवा में शामिल होने का आग्रह**


**फतेहाबाद।** बाल वाटिका स्कूल में परिणाम लेने अभिभावकों संग पहुंचे बच्चे।

## बाल वाटिका स्कूल का परिणाम घोषित

**फतेहाबाद।** बाल वाटिका पब्लिक स्कूल का कक्षा चौथी से नौंवी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें सभी कक्षाओं के बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन एवं अध्यापकों के मार्गदर्शन में बहुत अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया। बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खिचवाए। स्कूल प्रबंधक राजन महतानी ने अभिभावकों का स्वागत किया। स्कूल प्रधानाचार्या रोजी महतानी ने सभी बच्चों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

# फसल खरीद के पुख्ता प्रबंध के निर्देश

हरिभूमि न्यूज. सिरसा।

रबी फसल की एक अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी। पिछले सीजन की भांति इस बार भी गेहूं फसल की सुचारू रूप से खरीद प्रक्त्रिया हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। अधिकारी मंडियों व खरीद केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को पुख्ता कर लें। संबंधित एसडीएम मंडियों में बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का समय-समय पर निरीक्षण करें। उपायुक्त शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की वीसी उपरांत उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की सभी मंडियों का निरीक्षण कर उनमें सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। एसडीएम मंडियों का दौरा करें और वहां पर खरीद प्रक्रिया के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने बताया कि अबकी बार गेहूं की अधिक आवक होने की संभावना है, इसलिए गेहूं के उठान व भंडारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मंडियों में पानी, साफ-सफाई व बिजली आदि की समुचित व्यवस्था करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, एसडीएम ऐलनाबाद डा. वेद प्रकाश बेनीवाल, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, डीआरओ सुरेश कुमार, डीडीए डा. सुखदेव, डीएफएससी कप्तान सिंह आदि उपस्थित थे।


**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त आरके सिंह।

# सेवानिवृत नपा के एमई सुमेर सिंह को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

नगरपालिका में कार्यरत रहे एमई सुमेर सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर शुक्रवार को सेवानिवृत्त सुमेर सिंह के सम्मान में कम्युनिटी सेंटर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत हुए एमई को उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने फूल मालाएं पहनाकर विदाई दी, साथ ही उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस समारोह में नगरपालिका सचिव पंकज जून, नपा चेयरमैन प्रीति खन्ना व चेयरमैन प्रतिनिधि महेश खन्ना ने इनके कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि एमई सुमेर सिंह ने 1995 में झज्जर जिला में अपना कार्यकाल संभाला था, इसके इलावा उन्होंने टोहाना में भी कार्य किया।

उन्होंने रतिया में लगभग 24 वर्ष बतौर जेई व एमई के पद पर कार्य किया है। एमई सुमेर सिंह ने कहा कि उन्होंने आम जन के कार्य को करने के लिए कभी कोताही नहीं बरती। उनकी कोशिश रही कि सभी का काम समय पर हो।

- **रतिया में 24 वर्ष बतौर जेई व एमई के पद पर कार्य किया**

# एडीसी ने मंडी में लिया सुविधाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने शुक्रवार को सिरसा अनाजमंडी का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आढतियों से बातचीत भी की और उनसे सुझाव मांगे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि सरसों व गेहूं की खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि मंडियों में आने वाले किसानों को खरीद कार्य में कोई समस्या न हो। इसके अलावा मंडियों में सफाई व्यवस्था, बिजली, पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था हो और निरंतर सफाई कार्य जारी रखें। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला की बड़ी मंडियों में सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जिनका नाम और मोबाइल नंबर मार्केट कमेटी कार्यालय व अन्य स्थानों पर चस्पा किया जाएगा।


**सिरसा।** मंडी में आढ़तियों से बातचीत करते एडीसी डॉ. विवेक भारती।

### जैन विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

# श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दी। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्या रेणू बाला ने कहा कि बच्चों की सफलता विद्यार्थियों व अध्यापकों की मेहनत व लगन और अभिभावकों के पूर्ण सहयोग का परिणाम है। साथ ही अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों की भी प्रशंसा की। रेणू बाला और सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मक्खन लाल गोयल, प्रबंधक हनुमान मल गुजरानी एवं सभी सदस्यों ने उत्तीर्ण हुए बच्चों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

- **उतीर्ण बच्चों को दी शुभकामनाएं**


**सिरसा।** परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

## वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक कल

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 31 मार्च को सांय साढ़े 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपनी समस्या लिखिल में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया कि वे बैठक में सही समय व जरूर पहुंचे। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का मार्च मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

- **बैठक में वरिष्ठ नागरिकों का मनाया जाएगा जन्मदिन**

## खबर संक्षेप

### जिले से दो युवतियों सहित तीन लापता

**फतेहाबाद।** गांव किरढ़ान निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय लड़की गत दिवस रात को करीब 11 बजे बिना बताए घर से चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है। भूना पुलिस ने गांव गोरखपुर निवासी एक युवक की शिकायत पर उसकी 18 वर्षीय बहन के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में रतिया पुलिस ने गांव कंवलगढ़ निवासी महिला बिमला की शिकायत पर उसके पति अंग्रेज सिंह के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### रिकॉर्ड तोड़ होगी इंडिया गठबंधन की दिल्ली रैली

**रानियां।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां ने कहा कि आने वाली 31 मार्च को इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक रैली रामलीला मैदान दिल्ली में होगी जिसमें पूरे देश से इंडिया गठबंधन के बड़े नेता शामिल होंगे। हैप्पी रानियां ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि यह ऐतिहासिक रैली लोकतंत्र को बचाने के लिए की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से विपक्षी नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मुकदमे में फंसाकर जेल में डाला है इसके खिलाफ आज पूरे देश में लोगों को गुस्सा है।

### एमटेक के लिए अच्छे विषय का चुनाव अहम

**सिरसा।** जेसीडी मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज के एम टैक छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणामों में बाजी मारी है। संस्थान के एम टेक में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर सांइस इंजीनियरिंग विभाग के 8 छात्रों को परीक्षा परिणाम में यूनिवर्सिटी टॉपर घोषित किया गया है।

### संस्थान में युवाओं को बताया मतदान का महत्व

**सिरसा।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्थानीय पीएनबी ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को स्वीप अभियान के तहत अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक किया गया।जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि संविधान द्वारा हर पात्र व्यक्ति को वोट देने का अधिकार दिया गया है तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति अपना वोट बनवाकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी द्वारा युवाओं को जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलवाई गई।

### 126 ग्राम हेरोइन सहित महिला व युवक काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली टीम ने गश्त के दौरान चौहान नगर क्षेत्र से एक महिला व एक युवक को 126 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई रणजोध सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली में बठिंडा चौक पर मौजूद थी। सूचना के आधार पर मौका से एक युवक व महिला को शक के आधार पर काबू करके नियमानुसार तालाशी ली तो युवक के कब्जा से 22 ग्राम हैरोइन व महिला कर्मचारी द्वारा महिला की तालाशी ली तो उसके कब्जा से 104 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### जागरुकता अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**सिरसा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यालय के स्टाफ सदस्यों और बच्चों को मतदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता अपने मताधिकार का सही इस्तेमाल करें और 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। वोट डालने के बाद उंगली पर नीली लकीर के साथ सोशल मीडिया पर सेल्फी सांझा करें।

## पटौदी के विधायक ने एससी मोर्चा की बैठक को किया संबोधित

# दलित बस्तियों में बूथ स्तर पर भाजपा के झंडे लगाए जाएंगे

### लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा एससी मोर्चा की बैठक आयोजित



**फतेहाबाद।** भाजपा एससी मोर्चा की बैठक को संबोधित करते पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा एससी मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास ललौदा ने की। बैठक में विशेष रूप से रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, एससी आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला, बलकौर सिंह, एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मक्खन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, जिला प्रभारी अजय खुंडिया, एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बोस्ती, एससी मोर्चा के लोकसभा सहसंयोजक बूटा सिंह, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणजीत ओड, एससी मोर्चा वरिष्ठ नेता लक्ष्मणदास व एससी मोर्चा के जिला महामंत्री सोनू चालिया मौजूद रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री अशोक जाखड़ ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि लोकसभा चुनावों में हम सभी एक जुट होकर कड़ी मेहनत करनी है। सिरसा लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 10 सीटें जीतकर पीएम नरेन्द्र मोदी की झोली में डालनी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूरे प्रदेश में भाजपा एससी मोर्चा धूमधाम से मनाएगी। इसके अलावा एससी मोर्चा द्वारा विभिन्न जिलों में प्रदेश स्तरीय रैलियां आयोजित की जाएंगी। प्रदेशभर में दलित समाज की बस्तियों में बूथ स्तर भाजपा के झण्डे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की कार्यकुशलता से बहुत खुश है। देश की जनता पीएम नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार अपने प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। इस अवसर पर अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

## अपनी संस्कृति और संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए : जगदीश काजला


**भूना।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएसपी जगदीश काजला।

- किसी भी प्रकार की संदिग्ध एप को डाउनलोड न करें
- गुरु द्रोणाचार्य शिक्षण संस्थान में वार्षिक उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

साइबर ठगी से बचने के लिए किसी भी प्रकार की संदिग्ध एप को डाउनलोड न करें व किसी को पासवर्ड न बताएं। यह बात पुलिस उप अधीक्षक जगदीश चंद्र काजला ने शुक्रवार को गुरु द्रोणाचार्य शिक्षण संस्थान में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं नशा और साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी दलबीर सिंह, मुकेश मोंगिया तथा डॉ. सौरभ खुराना शामिल हुए। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रिंसिपल वीरेंद्र शर्मा ने की। संचालन नर्सिंग कॉलेज ऑफ स्कूल की प्रिंसिपल प्रीतकौर ने किया। समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और नशे के दुष्परिणाम को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए शपथ दिलाई। डीएसपी काजला ने कहा कि नशे की लत एक बीमारी है इसके संकेत समझे और इलाज अवश्य करवाएं। अगर नशे की बीमारी को गंभीरता से नहीं लिया तो भविष्य में यह जानलेवा साबित बन जाती है और परिवार आर्थिक रूप से टूट जाता है। उन्होंने कहा कि आज देश में डिजिटल लेनदेन का बहुत बढ़ावा हुआ है और उतनी ही तेजी से ठगी के नए तरीके इजाद किए गए हैं, इसलिए युवाओं को साइबर थकी से बचने के लिए किसी भी प्रकार की संदिग्ध एप को डाउनलोड नहीं करना चाहिए और बैंक अधिकारी या परिचित बनाकर पासवर्ड पूछने वाले ठगों से सचेत रहे। महाविद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी व राजस्थानी नृत्य पर खूब धमाल मचाया। समारोह में जीएनएम व एएनएम फाइनल वर्ष की छात्राओं को ड्रेस किट देकर सम्मानित किया।

## ट्रैफिक नियमों की पालना कर सड़क हादसों में ला सकते हैं कमी : यशविन्द्र

- भूथनकलां में चल रहे एनएसएस कैम्प में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों कोट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देते ट्रैफिक प्रभारी यशविन्द्र।

गांव भूथनकलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय स्पैशल एनएसएस कैम्प में आज स्वयंसेवकों को यातायात नियमों बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर यातायात प्रभारी रतिया यशविन्द्र पहुंचे। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी और इन नियमों का पालन करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार रंगा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। यातायात प्रभारी यशविन्द्र ने कहा कि नाबालिग बच्चों को कोई भी वान न दें। हमेशा दोपहिया वाहन पर दो ही सवारी यात्रा करें और दोनों हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। गाड़ी चलाते हुए सीट बैल्ट का प्रयोग करें और गाड़ी को कभी ओवरस्पीड न चलाएं। सड़क के बाई ओर चलें। उन्होंने विद्यार्थियों ने ट्रेफिक नियमों की जानकारी अपने अभिभावकों व दोस्तों के साथ सांझा करने को कहा।

### 39 हजार की जुआराशि सहित 11 दबोचे

**सिरसा।** जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 11 लोगों को 39 हजार 80 रुपए की सट्टा व जुआराशि के साथ काबू किया है। सीआईए सिरसा पुलिस ने शहर क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलने वाले 9 लोगों को काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम शहर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अनिल पुत्र प्रेमचंद निवासी रानियां गेट, सन्नी पुत्र लालचंद थेहड़ मौहला, प्रदीप पुत्र ओमप्रकाश मोचियांवाली गली, निशान सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी गुरू तेग बहादुर नगर, मोहित पुत्र राजेश कुमार थेहड़ मौहला, देव पुत्र दीपक कुमार थेहड़ मौहला, संदीप पुत्र छोटू राम बेगू रोड व संदीप पुत्र ओमप्रकाश को काबू कर उनके कब्जा से 30150 रूपए की सट्टाराशि बरामद की गई।

## विद्यार्थियों के लिए मनाया ग्रेजुएशन डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में ग्रेजुएशन डे पर प्रस्तुति देते नन्हें विद्यार्थी।

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे का समारोह आयोजित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्या द्वारा आए अतिथिगण का स्वागत करते हुए दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों चेरिश, भव्या, सावी ने नर्सरी से केजी तक के सफर का वर्णन करते हुए अपने शिक्षकों का धन्यवाद किया। वन ईयर वाइजर डांस के माध्यम से नन्हें विद्यार्थियों ने प्री प्राइमरी विंग से प्राइमरी विंग में जाने के बारे में वर्णन किया। नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन डे पर जमकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने एक सुंदर प्ले के माध्यम से बताया कि आज माता-पिता बच्चों को किस प्रकार अपनी अधिक व्यस्तता के कारण पूरा समय नहीं दे पाते हैं। विद्यार्थियों के इस ग्रेजुएशन डे पर पेरेंट्स बहुत उत्साहित नजर आए। ग्रेजुएशन सेरेमनी में विद्यार्थियों ने तरह-तरह के उपहार प्राप्त कर अपना ग्रेजुएशन कैप आसमान में घूमाते हुए सेलिब्रेशन का आनंद लिया। अंत में विद्यार्थियों द्वारा दी गई भांगड़ा प्रस्तुति ने ग्रेजुएशन समारोह में ऐसा समा बांधा दर्शकों ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली। अभिभावकगण ने बताया कि विद्यार्थियों के आगे बढ़ने और ऐसे प्रेरित करने के लिए ऐसा आयोजन एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। स्कूल प्रधानाचार्या पूनम ने कहा कि बच्चे जो कुछ भी करना चाहते हैं, आप उन्हें स्वतंत्रता पूर्वक करने की अनुमति दें।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करेंगे किसान : चहल

**रतिया।** किसान संगठनों ने 5 अप्रैल को रतिया आ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विरोध करने की घोषणा की है। शुक्रवार को रतिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां, भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ और अखिल भारतीय किसान महासभा के नेताओं ने यह घोषणा की। किसान नेता राजेन्द्र सिंह चहल ने कहा कि हरियाणा सरकार और केन्द्र सरकार ने किसानों के साथ वायदा खिलाफी की है। प्रदेश में बाढ़ के कारण फसलों को बहुत नुक्सान हुआ। तब हरियाणा सरकार ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों में फसलों, बाढ़ के कारण गिरे घरों की मुरम्मत और खराब हुए ट्यूब्वेलों की मुरम्मत के लिए मुआवजा देने का वादा किया था, परंतु मुआवजा मात्र 10 प्रतिशत किसानों व मजदूरों को ही मिला है। वाकी 90 प्रतिशत किसान मजदूर आज भी मुआवजे की राह देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 फरवरी को शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली जा रहे किसानों पर हरियाणा और केन्द्र सरकार ने बहुत ही बर्बरता से हमला किया जिसमें एक किसान शुभकरण की गोली लगने से मौत हो गई। सैंकड़ों किसान घायल हो गए। सैंकड़ों ट्रेक्टरों, ट्रालियों, गाड़ियों एवं अन्य सामान को तोड़ फोड़ कर किसानों का नुकसान पहुंचाया गया। बिजली बिल 2020 रद्द करने, लखीमपुर-खीरी के दोषियों को सजा देने, फसलों की खरीद का गारंटी कानून बनाने और मनरेगा मजदूरों के काम के दिनों को कम से कम 200 दिन करने सहित सभी वादों से सरकार मुकर रही है। ऐसे में किसानों ने भाजपा नेताओं का विरोध करने का फैसला लिया है।

## हस्ताक्षर अभियान चलाकर युवाओं को दिलाई निष्पक्ष भाव से मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- पपीहा पार्क में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**फतेहाबाद।** पपीहा पार्क में हस्ताक्षर कर निष्पक्ष भाव से मतदान की शपथ लेते युवा।

खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक तिक व रविंद्र कुमार द्वारा फतेहाबाद के पर्यटन स्थल पपीहा पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को एकत्रित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें निष्पक्ष भाव से मतदान करने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सिविजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। स्वयंसेवक ऋतिक व रविंद्र कुमार ने युवाओं को बताया कि हमें अपने आस पास हो रही अनैतिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर इस एप के द्वारा सूचना दे सकते हैं। युवाओं को जागृत करते हुए स्वयंसेवकों ने कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण स्थान है। हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। युवाओं को बताया गया कि हमें धर्म व भाषा को न देखते हुए अपने मजबूत लोकतंत्र को एक अपनी इच्छाओं व भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान करना है। कार्यक्रम का समापन करते हुए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया व शपथ लिए गए युवाओं से हस्ताक्षर भी करवाए गए कि वे 25 मई को अपना वोट डालने जरूर जायेंगे।

## विद्यार्थियों व महिलाओं को दिलवाई मतदान की शपथ


**फतेहाबाद।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिरड़ाना सहित जिला भर के अन्य शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं तथा खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, खिलाड़ियों व विद्यार्थियों को चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए जारी किए गए अनेक एप की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी, नेहरू युवा केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## फ्लाइंग स्कवॉयड टीम आपसी तालमेल बनाकर रहे मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि लोक सभा 2024 चुनाव ड्यूटी में लगे सभी नोडल अधिकारी चुनाव आयोग की हिदायतों की पालना करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से करें। शुक्रवार को उन्होंने लघु सचिवालय में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा दिए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने सभी नोडल अधिकारियों से अभी तक किए कायार्े की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोक सभा आम चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए अलग अलग कायार्े के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। सभी नोडल अधिकारी अपनी टीम के साथ तालमेल बनाकर उसके अनुरूप समय रहते सारी तैयारी पूरी करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अलग गांवों के लिए फ्लाइंग स्कॉड बनाई गई।

फ्लाइंग स्कॉड के सभी नोडल अधिकारी अपनी टीम से तालमेल बनाए रखें अगर कोई भी शिकायत मिलती है तो तुरन्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को 'यादा से 'यादा जागरूक करे। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र अन्य क्षेत्रों के मुकाबले कम वोटिंग हुई है वहाँ पर मतदाताओं को जागरूक करे।

### स्वच्छता व वोटर जागरुकता कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

## प्रजातंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

प्रजातंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका काफी अहम होती है। जब प्रत्येक युवा मतदान के रूप में मिले अपने अधिकार का ईमानदारी से निर्वहन करेगा, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। यह बात पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश मेहता ने युवा एवं खेल मंत्रालय एवं क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस, नई दिल्ली द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एमएम कॉलेज फतेहाबाद में आयोजित तीन दिवसीय 'स्वच्छता एवं वोटर जागरूकता कार्यक्रम' के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। शुक्रवार को दूसरे दिन 'मतदान में युवाओं की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. राजेश मेहता बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे थे। कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा वोटर जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके अलावा हुडा सैक्टर 3 स्थित पॉलीक्लीनिक के एसएमओ मेजर डॉ. शरद ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया वहीं स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), डीएमसी ऑफिस फतेहाबाद से कुमार सौरभ व नगरपरिषद फतेहाबाद के सेनेटरी इंस्पैक्टर महेश कुमार ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मीनाक्षी कोहली द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने की शपथ भी दिलवाई गई।

श्रवण राम, रिजनल डायरेक्टर, युवा एवं खेल मंत्रालय एवं क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस, नई दिल्ली ने सफल आयोजन के लिए एमएम कॉलेज मैनेजमेंट, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए डॉ. राजेश मेहता ने कहा कि आज युवाओं के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। युवा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।